| Banda | 13 June 2021 | Ken | **मरौली मौरम खदान में कर्मी की डूबकर मौत** बाँदा में मजदूरों की कब्रगाह बनती मौरम खदान इन दिनों सुर्खियों में है। बालू खदान में गहरे गड्ढों पर डूबकर मौत या फिर संदिग्ध मौत सामान्य घटनाक्रम बन रहा है। पूरे सिस्टम को साधकर यह खेल मौरम खदान में होता हैं। मजबूर आदमी की कोई तहरीर नहीं,हीं दबाव में लेकर मुंह बंद करने को रुपया ठूसने की हनक से यहां समझौता होता हैं। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर को साध लिया बांकी दो-तीन दिन बाद फिर वही पोकलैंड से अवैध खनन ढर्रा शुरू हो जाता हैं।<br><br>रविवार (June 13) को थाना मटौंधटौं के मरौली खँड 3 मेसर्स केएस एंड माइन्स में ओमप्रकाश नाम के मजदूर की नदी में डूबने से मौत होने की जानकारी हैं। मजदूर नदी में कैसे डूबा यह जांच का विषय हैं। उधर जांच करेगा कौन जब पूरी व्यवस्था ही रुपयों में बंधक हैं। मुख्यमंत्री तक बात नहीं पहुंचे इसके लिए मीडिया को चुप रखो। अलबत्ता इस पर बात करना इसलिए बेमानी हैं कि गरीबी क्षेत्र का लाभ उठाकर खनन संपदा का बेतरतीब दोहन यहां की नियति बन चुकी हैं। http://www.voiceofbundelkhand.in/crime/banda-death-of-a-worker-by-drowning-in-marauli-mauram-mine-section-3-ks-mines/ (13 June 2021) | 1 mine worker died by drowning in Ken river. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Ambedkar Nagar | 12 June 2021 | | **ओवरलोड मोरंग लदी ट्रक दुकान में घुसी, युवक की मौत, महिला घायल** अम्बेडकरनगर जिले मे एआरटीओ द्वारा ओवरलोड मोरंग लदे ट्रक का पीछा किये जाने से बचने के लिए तेज रफ्तार से भाग रहा ट्रेलर दुकान में घुस गया जिसकी चपेट में आकर दुकान में बैठे दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस घटना में घायल महिला को एक प्राइवेट अस्पताल मे भर्ती कराया गया जबकि युवक की मौत हो गयी। घटना से नाराज ग्रामीणों ने एआरटीओ की गाड़ी को आग के हवाले कर दिया और चालक को मारापीटा जिससे उसको भी चोट आई है। वही घटना स्थल पर पहुचे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का मुआयना किया और मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायत देने और टेलर ट्रक के ड्राइवर पर हिट एंड रन का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इस घटना में मृतक के परिजनों को 5 लाख का मुवावजा दिया जाएगा और ट्रक के चालक पर हिट एंड रन का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। https://newsexpressbharat.in/news/23858 (12 June 2021) | Sand truck ran into a shop killing 1 person and injuring 1 woman |
| Banda | 18 June 2021 | Ken | **पत्रकार को जान से मारने की धमकी!** अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ आवाज़ उठाने वाले पत्रकार और पर्यावरण पैरोकार, आशीष सागर दीक्षित को माफियाओं द्वारा लगातार धमकियां मिल रही हैं. उन्होंने जान पर खतरे का अंदेशा जताया है. आशीष वॉइस ऑफ़ बुंदेलखंड के डिजिटल एडिटर हैं और पोर्टल पर लगातार माफियाओं द्वारा अवैध गतिविधियों पर खबरें प्रकाशित कर रहे हैं.<br><br>बालू खनन माफियाओं ने आशीष को कई तरह से परेशान करने की कोशिश की. इन माफियाओं द्वारा वर्ष 2010 से 2021 तक आशीष पर सात कानूनी मुक़दमे चलाए गए. वहीं सामाजिक कार्यकर्ता उषा निषाद भी आशीष के साथ खनन माफियाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ रही हैं. https://hindi.newslaundry.com/2021/06/18/mining-mafia-threatened-journalist-reporting-madhya-pradesh (18 June 2021)<br><br>आरोप है कि जिले के पैलानी क्षेत्र की अमलोर मौरम खदान से नियमों का घोर उल्लंघन कर बालू निकाला जा रहा है, जिसके चलते नदी एवं पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है. इस खदान के संचालक गाजियाबाद निवासी विपुल त्यागी हैं और इसके हिस्सेदार जयराम सिंह नाम के एक बसपा नेता हैं. सागर ने कहा कि बीते 14 जून को सिंह अपने पांच साथियों के साथ उनके घर पर पहुंचे थे और उनकी मां से कहा था, 'अपने बेटे को समझा लेना. मेरे खिलाफ इस तरह की खबरें न लिखे. इस मामले को लेकर सागर के अलावा अमलोर की ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह प्रिया एवं कार्यकर्ता उषा निषाद ने मिलकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है, हालांकि अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है. https://m.thewirehindi.com/article/uttar-pradesh-journalist-threatened-for-reporting-on-illegal-sand-mining-in-banda/174027 (17 June 2021) | Harassment of a reporter exposing illegal mining in Ken river. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | इससे पहले हमीरपुर के खनन माफिया ने आशीष सागर पर 14 दिसंबर 2020 की खबर लिखने के चलते धारा 200 व 66 के तहत मुकदमा लिखाया हैं। https://circle.page/post/4118821?utm_source=an&person=484010/ | |
| Banda | 18 June 2021 | | **तेज रफ्तार दो ट्रकों में टक्कर, खलासी की मौत** बांदा-टांडा हाईवे पर दतौली पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार दो ट्रकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रक चला रहे खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दोनों गाड़ी के चालक घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल भेजा। हादसे के बाद जाम से वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने धीरे-धीरे वाहनों को निकालकर जाम खुलवाया।<br><br>अमेठी निवासी ट्रक चालक इरशाद (35) व खलासी लवकुश (20) निवासी हनुमानगढ़ी थाना जायस जिला अमेठी ट्रक लेकर फतेहपुर से बांदा जा रहे थे। गुरुवार (June 18) रात करीब दो बजे दतौली चौकी के पास बांदा की ओर से मौरंग लादकर आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। मौरंग लदे ट्रक का चालक ओमप्रकाश (40) निवासी बड़ोखर जिला रायबरेली था। हादसे में गाड़ी चला रहे खलासी लवकुश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दोनों गाड़ी के चालक घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गैस कटर से ट्रक के केबिन काटकर दोनों चालकों को बाहर निकाला और फिर उन्हें अस्पताल भेजा। हादसे के कारण जाम लग गया। https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/fatehpur/crime-fatehpur-news-fatehpur-news-knp6350309171 (19 June 2021) | Driver killed, conductor injured in sand and other truck collision |
| Budaun | 19 June 2021 | Sot | **3 kids drown in deep pit dug by mining mafia** Three children, aged between 7 and 11, accidentally fell and drowned in a large pit allegedly dug for illegal sand mining near Sot river in Islamnagar area of Budaun district on Saturday evening (June 19). The cousins Altamash (11) and Ismail (11) along with their neighbour, Monis (7), hailing from Kunwarpur village, were grazing cattle near the river when the accident took place.<br><br>None of the children knew how to swim and drowned. After the other children ran towards the village to seek help, villagers pulled out the bodies. Bachchu Singh, SHO of Islamnagar police station, told TOI, "All the three children belong to the families of marginal farmers. We had asked them to give the bodies for an autopsy but they refused and did not give any written complaint." https://timesofindia.indiatimes.com/city/bareilly/3-kids-drown-in-deep-pit-dug-by-mining-mafia-in-budaun/articleshow/83696266.cms (21 June 2021) | 3 kids drowned to death in sand mine pits |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | https://news.abplive.com/states/up-uk/uttar-pradesh-3-children-drown-in-pit-filled-with-water-1464851 (21 June 2021) | |
| Shamli | 20 June 2021 | Yamuna | **नहाते समय यमुना में डूबा पानीपत का युवक** गंगा दशहरा पर्व पर अपने परिवार के साथ स्नान करने आए पानीपत और करनाल निवासी दो युवक यमुना में नहाते समय डूब गए। शाम तक दोनों की तलाश में गोताखोर लगे रहे, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/shamli/two-youths-drowned-in-yamuna-while-taking-bath-shamli-news-mrt5436942163 (20 June 2021) https://www.youtube.com/watch?v=EaD8Jh7jdxo<br><br>रविवार (June 20) को हरियाणा के करनाल जनपद के गांव नरुखेडी निवासी प्रवीण (22) पुत्र रणवीर अपने दो दोस्तों टिंकू पुत्र कहर सिंह व वेदपाल पुत्र जसवीर के साथ गंगा दशहरे पर बिडौली में यमुना पुल पर स्नान करने आया था। प्रवीण जब अपने दोस्त टिंकू व वेदपाल के साथ यमुना में नहा रहा था तो अचानक प्रवीण का पैर गहरे कुंड में चला गया और व डूबने लगा जिसको जसवीर ने बचाने का प्रयास किया लेकिन अपने आप को भी डूबता देख जसबीर व टिंकू ने शोर मचा दिया। https://dainikjanwani.com/haryana-youth-drowns/ (20 June 2021)<br><br>रविवार (June 20) को गंगा दशहरे पर जिले के कैराना यमुना ब्रिज के पास यूपी और हरियाणा के श्रद्धालु भारी तादात में स्नान के लिए पहुंचे थे. इस दौरान पानीपत की देशराज कॉलोनी निवासी स्वर्गीय वीरपाल की पत्नी गीता अपने दो बेटों 19 साल के सौरभ और 16 साल के सन्नी व अन्य परिवारजनों के साथ स्नान के लिए यमुना नदी पर आई थी. बताया जा रहा है कि स्नान के दौरान सन्नी पानी में डूबने लगा, तो किनारे पर मौजूद उसके भाई सौरभ ने पानी में छलांग लगा दी. सौरभ ने जैसे-तैसे अपने छोटे भाई को तो डूबने से बचा लिया, लेकिन वह खुद गहरे पानी से बाहर नहीं निकल पाया. https://react.etvbharat.com/hindi/uttar-pradesh/state/shamli/youth-drowned-while-bathing-in-yamuna-on-ganga-dussehra-in-shamli/up20210620161958164 (20 June 2021) | 3 died by drowning in Yamuna river. Its not clear whether the deaths occurred due to sand mining pits. |
| Lucknow | 20 June 2021 | | **प्रशासन की लापरवाही से मोरंग लदा ट्रक पलटा, ड्राइवर की मौत** राजधानी में नियम कानून चंद रुपयों के लिए पुलिस और प्रशासन ताक पर रख देता है। लेकिन इस पर सवाल तब खड़े होते हैं जब यह लापरवाही जानलेवा हो जाती है। मड़ियांव थानाक्षेत्र के फैजुल्लागंज में रविवार (June 20) को मौरंग लदा एक ट्रक घुसा लेकिन नो एंट्री के बावजूद उसे किसी पुलिस वाले ने नही रोका। ट्रक दाउदनगर की घनी बस्ती के बीच एक सकरे रास्ते से होते हुए बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर पहुंचा। यहां मोरंग अनलोड करने के लिए ड्राइवर ट्रक को मोड़ने का | Driver killed after sand truck tripped while unloading |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रयास करने लगा। लेकिन जगह कम होने की वजह से ट्रक मुड़ने की बजाय पलट गया। इसके नीचे दबकर चालक उमर की मौत हो गयी।<br><br>स्थानीय लोगों के मुताबिक घैला चौकी के पास ट्रक को रोककर उससे रुपये लेने के बाद नो एंट्री के बावजूद शहर में घुसने की परमिशन दी गयी। पुलिस वालों की यह चंद रुपये की वसूली ड्राइवर के मौत की वजह बन गयी। वही मड़ियांव इंस्पेक्टर मनोज कुमार का कहना है कि बारिश में जमीन गीली होने की वजह से हादसा हो गया। https://money.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/lucknow/news/lucknow-road-accident-latest-updates-truck-overtunred-driver-killed-in-lucknow-uttar-pradesh-128617057.html (20 June 2021) | |
| Sultanpur | 20 June 2021 | | | **मौरंग लदे ट्रक ने पूर्व फौजी व युवक को कुचला, मौत** कामतागंज बाजार में लखनऊ- वाराणसी हाईवे पर ओवर लोड मौरंग लदे ट्रक ने बाइक सवार रिटायर्ड फौजी व युवक को कुचल दिया। इतना ही नहीं ट्रक चालक दोनों को घसीटते काफी दूर तक ले गया। इस क्रम में आरोपित चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। क्रेन से दोनों शवों को करीब एक घंटे बाद निकाला जा सका।<br><br>कोतवाली क्षेत्र के रमऊ का पूरवा लाखीपुर निवासी रिटायर्ड फौजी दिनेश दूबे डेयरी संचालित करते थे। रविवार (June 20) सुबह करीब नौ बजे वह गोसाईं का पुरवा रायचंद्रपुर निवासी धीरज यादव के यहां खोया देने गए थे, जहां से धीरज के साथ कामतागंज बाजार में एक दुकान पर आए थे। काम निपटाने के बाद दोनों लौट रहे थे। हाईवे पर ही शंभूगंज मोड़ के पास लम्भुआ की ओर जा रहे मौरंग लदे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।<br><br>हादसे में दिनेश व धीरज बाइक सहित ट्रक के पहिये में फंस गए और करीब सौ मीटर तक घसीटते चले गए। डिवाइडर से टकराने के बाद तेज रफ्तार ट्रक का अगला टायर फट गया। इसी क्रम में दोनों युवकों की पहिये के नीचे आने से मौत हो गई। दुर्घटनास्थल पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। https://www.jagran.com/uttar-pradesh/sultanpur-moorang-laden-truck-crushed-former-soldier-and-youth-death-21757412.html (20 June 2021) | Retired army man, one more crushed to death by sand truck |
| Jalaun | 27 June 2021 | | | **मौरंग ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, पति, बच्ची हुए घायल** जलालपुर-कदौरा मार्ग पर खदान से मौरंग भरकर आ रहे ट्रक ने रविवार (June 27) को बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति व डेढ़ साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। | Woman died, husband, girl child injured after |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अपनी रिश्तेदारी में मौदहा गए 28 वर्षीय विवेक तिवारी, पत्नी शिल्पी तिवारी तथा 18 वर्षीय पुत्री परी के साथ वापस अपने गृह नगर कालपी लौट रहे थे। जैसे ही वह जलालपुर मार्ग पर ग्राम पंडौरा के पास पहुंचे तो उनके आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और उनकी टक्कर ट्रक से हो गई जिससे उनकी पत्नी शिल्पी तिवारी ट्रक के नीचे आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई तथा विवेक और उनकी पुत्री परी उछलकर सड़क किनारे जा गिरे और घायल हो गए। https://www.jagran.com/uttar-pradesh/kanpur-city-road-accident-in-up-woman-dies-husband-and-child-injured-due-to-truck-collision-in-jalaun-21777425.html (27 June 2021) | hit by sand truck. |
| Unnao<br>Chandauli<br>Jaunpur<br>Hathras<br>Agra<br>Mathura | 2016-2021 | | **प्रेसीडेंशियल ट्रेन गुजरने से पहले ट्रैक पर फंसा ट्रक** कानपुर से लखनऊ जाने वाली प्रेसीडेंशियल ट्रेन गुजरने से एक घंटे पहले उन्नाव में जैतीपुर रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार (June 28) सुबह मौरंग लदा ट्रक फंसने से हड़कंप मच गया। रेल विभाग से लेकर प्रशासन तक ने ट्रक को ट्रैक से हटवाने में पूरी ताकत झोंक दी। पुलिस के जवानों और स्थानीय लोगों की मदद से मशक्कत के बाद ट्रक को क्रॉसिंग से हटाया जा सका। ट्रक हटने के बाद प्रशासनिक अफसरों और रेलवे अधिकारियों की जान में जान आई। हालांकि ट्रक फंसने से राष्ट्रपति की ट्रेन गुजरने में कोई बाधा नहीं आई। राष्ट्रपति की ट्रेन 19 मिनट देर से गुजरी।<br><br>सुबह साढ़े नौ बजे ओवरलोड मौरंग भरा ट्रक खराब होने से जैतीपुर रेलवे क्रॉसिंग नंबर 16 पर निकलते समय फंस गया। ट्रैक पर ट्रक फंसने की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के हाथपांव फूल गए। मजदूरों की मदद से पहले मौरंग उतरवाकर ट्रक खाली कराया और फिर ट्रैक्टर मंगवा ट्रक हटवाकर ट्रैक क्लीयर कराया। इस दौरान कुछ देर के लिए कुसुम्भी रेलवे स्टेशन पर एडवांस पायलेट इंजन रुका रहा। ट्रैक साफ होने पर कुसुम्भी रेलवे स्टेशन पर खड़ी एडवांस पायलेट इंजन को जैतीपुर के लिए रवाना किया जा सका। घटनास्थल पर मौजूद एक युवक इसका वीडियो बना रहा था मगर पुलिस कर्मी ने उसका मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कागजात जब्त कर लिए हैं। https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/story-truck-stuck-on-the-track-before-passing-the-presidential-train-president-s-train-was-delayed-by-19-minutes-4168053.html (28 June 2021)<br><br>राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की स्पेशल ट्रेन महाराजा एक्सप्रेस उन्नाव के जैतीपुर रेलवे क्राॅसिंग पर पहुंचने से करीब 30 मिनट पहले ट्रक फंसने से अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने धक्का देकर ट्रक खींच कर ट्रैक खाली कराया। https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/kanpur/president-leaves-for-lucknow-truck-stuck-at-railway-crossing-in-unnao-before-president-train-reaches (28 June 2021) | Atleast 7 incidents of sand, gravel loaded trucks getting stuck on railway trucks thus creating accident fear and delaying train services. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | **रेलवे ट्रैक में फंसा बालू ट्रक, घंटो रेल यातायात बाधित** जनपद चन्दौली वाराणसी डीडीयू जंक्शन रूट पर हृदयपुर गाव के समीप मानव रहित क्रासिंग पर अपराह्न 2 बजे के करीब एक बालू लोडेड ट्रक बिगड़ जाने के कारण उक्त रुट पर ट्रेनों का परिचालन करीब आधे घंटे तक बाधित रहा। परिचालन बाधित होते ही रेल महकमे में खलबली मच गई। आनन-फानन में आरपीएफ डीडीयू पोस्ट प्रभारी संजीव कुमार मय फोर्स मौके पर पहुंचे और ट्रैक पर फंसे ट्रक को स्थानीय लोगों की मदद से हटवाया। जिसके बाद उक्त रूट पर परिचालन सामान्य हो सका। इस दौरान ट्रक को हटाने में करीब आधे घंटे का वक्त लग गया और ट्रेनों का परिचालन आधे घंटे तक ठप रहा। http://www.jantakiawaz.org/local/uttar-pradesh/news-637997 (12 Nov. 2020)<br><br>**रेलवे ट्रैक पर फंसा ट्रक, रोकी गई सुहेलदेव एक्सप्रेस** जौनपुर-औड़िहार रेलवे ट्रैक पर फाटक संख्या 17-सी पर रविवार (Sept. 6, 2020) की सुबह लगभग सात बजकर नौ मिनट पर पार करते समय एक ट्रक फंस गया। मध्य प्रदेश के रीवा से गिट्टी लादकर गाजीपुर जा रहा ट्रक ज्यों ही औरी डगरा के पास रेलवे ट्रैक पर पहुंचा, उसकी कमानी टूट गई। इससे ट्रक ट्रैक पर फंस गया। इससे रेलवे ट्रैक बाधित हो गया। गेटमैन रंजीत कुमार ने इसकी सूचना तत्काल अधिकारियों को दी। जिसके बाद आनंद विहार से आ रही सुहेलदेव एक्सप्रेस को मुफ्तीगंज स्टेशन पर ही खड़ा कर दिया गया।<br><br>सूचना मिलते ही औड़िहार से आरपीएफ व इंजीनियरिग विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ट्रक को किसी तरह पीछे करने की कोशिश की गई, लेकिन ट्रक का पहिया नहीं डोला। इसके बाद क्रेन मंगाकर ट्रक को हटाया गया। इस पूरी कवायद में सवा घंटे का समय लगा, जिसके बाद सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन को आगे रवाना किया जा सका। इस मामले में आरपीएफ ने ट्रक चालक अभय कुमार के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। https://www.jagran.com/uttar-pradesh/jaunpur-truck-stuck-on-railway-track-20715047.html (06 Sept. 2020)<br><br>हाथरस रोड कोयल वाले फाटक गेट संख्या 342 पर गुरूवार की सुबह साढ़े आठ बजे करीब मथुरा से अलीगढ़ की तरफ जा रहा ट्रक संख्या आर जे 05 जीबी 1353 का रेलवे लाइन पर ही धुरा टूट गया और इसी के साथ उसकी एक तरफ की कमानी भी टूट गयी, जिससे ट्रक एक तरफ झुक कर जाम हो गया। रेलवे लाइन पर ट्रक फंसते ही गेटमैन मुख्तार शाह ने रेलवे स्टेशन को सूचना दी और तभी भरतपुर से कासगंज जा रही ट्रेन को भी राया रेलवे स्टेशन पर रोक दिया। घटना की सूचना मिलते ही राया प्रभारी आरसी शर्मा मयफोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। थोड़ी देर बाद ही रेलवे पुलिस गयी और ट्रक को हटाने के प्रयास करने लगे। ट्रक में गिट्टी भरी होने के कारण एक क्रेन उसको नहीं हटा सकी तो तीन क्रेनों के कई घंटों तक मशक्कत करने के बाद ट्रक को हटाया जा सका, करीब साढ़े दस बजे ट्रक को हटवा कर रेल मार्ग साफ कराया, जिसके कारण कासगंज से आगरा फोर्ट जाने वाली और भरतपुर से कासगंज जाने वाली ट्रेन करीब दो घंटा तक लेट रही। मुख्य मार्ग पर ट्रक फंसने के | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | कारण दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग गयी, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं ट्रेन देरी से चलने के कारण यात्री भी ट्रेन में बैठे बैठे परेशान हो गए। https://www.bhaskar.com/news/RAJ-BTPR-MAT-latest-bharatpur-news-042003-261932-NOR.html (2018*)<br><br>आगरा। फतेहाबाद के महरमपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब गिट्टियों से भरा हुआ ट्रक रेलवे ट्रैक को पार करते समय ट्रैक के बीच में फंस गया तो वहीं दूसरी ओर से आ रही पैसेंजर ट्रेन ने सभी के होश उड़ा दिए। रेलवे ट्रैक के बीच में ट्रक फंसने की सूचना तुरन्त रेलवे को दी गयी तो लोगों ने दौड़ लगाकर ट्रैन को भी रुकवाया। लोगों की सूझबूझ से ट्रैक पर एक बड़ा हादसा होने से बच गया। इस दौरान ग्रामीण भी घटना स्थल पहुँच गए। लोगों ने बताया कि गिट्टियों से भरा हुआ ट्रक जो ट्रैक में फंसा है वो रेलवे के लिए ही काम कर रहा है। ट्रक ड्राईवर रेलवे के चल रहे कार्य के लिए ही गिट्टियां लेकर जा रहा था। इस घटना की जानकारी होते ही सम्बंधित ठेकेदार मौके पर पहुँच गए और क्रेन को भी बुलवा लिया जिसके बाद क्रेन के माध्यम से ट्रक को रेलवे ट्रैक से हटवाया। https://bit.ly/3i9SdxY (04 Aug. 2018)<br><br>मथुरा कासगंज रेलवे ट्रैक पर गिट्टी से भरा ट्रक पलट गया। गुरुवार (Oct. 12, 2017) सुबह पलटे इस ट्रक के कारण ट्रैक पर दूर-दूर तक गिट्टियां बिखर गईं। इस कारण यहां का रेलमार्ग लगभग दो घंटे तक बाधित रहा। मथुरा कासगंज रेलवे ट्रैक बरेली की ओर जाने वाली ट्रेनों के लिए मुख्य रेलवे लाइन है। इस लाइन से निकलने वाली ज्यादातर ट्रेन पैसेंजर होती हैं। इनमें सफर करने वाले ज्यादातर स्थानीय यात्री होते हैं। आगरा के अछनेरा से मथुरा और कासगंज जाने के लिए भी यह एक प्रमुख मार्ग है। सुबह के समय इस रेलवे ट्रैक से ज्यादा ट्रेन गुजरती हैं। https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/mathura/traffic-on-mathura-kasganj-railway-line-disrupted-after-a-truck-broke-down-on-tracks-at-railway-crossing-near-raya-station-/articleshow/61049115.cms (12 Oct. 2017)<br><br>**Kaifiyat Express derails in Auraiya, over 70 injured** More than 70 people were injured when the Delhi-bound Kaifiyat Express derailed in Auraiya district early on Wednesday (Aug. 23, 2017), four days after a similar accident killed 23 people in the same state. Officials said the accident occurred when the train hit a sand-laden dumper which overturned at an unmanned level crossing minutes before the train was to pass through. The condition of four of the injured is said to be serious. The train, travelling from Azamgarh to Delhi, collided with the dumper at around 2.50 am between Pata and Achalda railway stations, a spokesperson for the North Central Railway said. https://www.hindustantimes.com/india-news/kaifiyat-express-derails-in-uttar-pradesh-s-auraiya-district-50-injured/story-mdsmzf7Z8AzRcpEYAhWzaI.html (23 Aug. 2017) The accident occurred after the dumper dis-balanced and overturned at around 2:40 am, thereby affecting the track route. The train arrived at 2:45 am and collided according to | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Avinash Chandra, ADG, Kanpur (Zone). https://indianexpress.com/article/india/kaifiyat-express-derails-near-auraiya-casualties-utkal-express-4809249/?abcde (23 Aug. 2017)<br><br>खेतासराय (जौनपुर): बालू लदा ट्रक मंगलवार को दीदारगंज रेलवे क्रा¨सग पर फंस गया, जिसके चलते दो घंटे के ऊपर जहां रेल ट्रैक बाधित रहा वहीं दीदारगंज मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। बाद में रेल विभाग के अधिकारियों व पुलिस बल की उपस्थिति में ट्रैक साफ किया गया तो गमनागमन शुरू हुआ। इसके चलते तीन ट्रेनें घंटों अपने स्थान पर खडी़ रहीं।<br><br>वाराणसी-फैजाबाद रेल प्रखंड पर स्थित खेतासराय रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 55सी (दीदारगंज रेलवे क्रा¨सग) से होकर एक बालू लदा ट्रक बालू उतारने के लिए अपने गंतव्य को जा रहा था कि उक्त क्रा¨सग की सड़क तोड़ कर चेक रेल बदलकर इसमे गिट्टी भरी गई थी। ऐसे में उक्त ट्रक इसमें फंस गई, जो काफी कोशिश के बाद भी नहीं निकल पाई। इसे देख विभाग के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में आधा हिस्सा बालू ट्रैक पर ही गिरवाकर ट्रक खाली कराया, तब ट्रक को बाहर किया गया। इसके पश्चात गमनागमन शुरू किया गया। इन सब प्रक्रिया में 1.20 से 3.35 तक लगभग सवा दो घंटे ट्रैक बाधित रहा। https://www.jagran.com/uttar-pradesh/jaunpur-14647942.html (06 Sept. 2016) | |
| Saharanpur | 15 July 2021 | | सहारनपुर। बीती रात स्टेट हाईवे पर 59 पर सड़क किनारे खड़े रेत से भरे ट्रक मैं पीछे से आ रहे कोयले से भरे ट्रक ने अनियंत्रित होकर टक्कर लगने से एक व्यक्ति ही मौके पर ही मौत हो गई है तथा दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । https://www.specialcoveragenews.in/uttar-pradesh/saharanpur/a-truck-coming-from-behind-hit-a-sand-filled-truck-1157139 (15 July 2021) | 1 killed, 2 injured after collision between sand and coal laden trucks. |
| Etawah | 28 July 2021 | Chambal | **चंबल चेक पोस्ट पर खनन माफिया का हमला, दरोगा समेत 5 पुलिसकर्मी घायल** इटावा में जिले के बढपुरा इलाके में चंबल नदी पर स्थापित चेक पोस्ट पर मध्य प्रदेश से आए ओवरलोड ट्रक को पकड़ने पर खनन माफिया और उनके गुर्गों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया. ये लोग इस ट्रक को लेकर भाग निकले. हमले में दरोगा समेत 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं. इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं खनन माफिया की धर-पकड़ के लिए रेड चल रही है. इटावा के एसपी सिटी प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि बढपुरा थाना क्षेत्र के चंबल पुल पर स्थित चेक पोस्ट पर खनन अधिकारी ब्रज बिहारी पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे. तभी मध्यप्रदेश से आए मौरंग लदे ट्रक को रोका गया. ओवरलोड होने पर उसमें दो सिपाहियों को साथ में मध्य प्रदेश के फूप बरही टोल प्लाजा पर लगे कांटे पर वजन कराने भेजा, क्षमता से अधिक वजन होने पर सिपाही ट्रक को वापस लेकर चेक पोस्ट पर | 5 police men injured in sand mafia attack during inspection. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आए और पुलिस ने कार्रवाई शुरू की. तभी ड्राइवर के फोन करने पर 20-25 खनन माफिया अपने गुर्गों के साथ पहुंच गए. लाठी डंडों, सरिया से लैस गुर्गों ने ईंट-पत्थर के साथ पुलिस पर हमला बोल दिया. अचानक हमले से पुलिसकर्मियों ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई. यह कोई पहला मौका नहीं है. इससे पहले भी लगातार ओवरलोड वाहनों को दंबगई से निकालने को लेकर चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियो की आये दिन झड़प होती रहती है लेकिन इस चेक पोस्ट पर माकूल सुरक्षा इंतजाम ना होने से मध्य प्रदेश की ओर से आने वाले ओवर लोड खनन वाहनों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/etawah-mining-mafia-attacked-chambal-check-post-in-etawah-5-policemen-including-inspector-injured-upas-3673232.html (28 July 2021) | |
| Shahjahan-pur<br>Sambhal<br>Roorkee<br>Baghpat | 13 & 05 Aug. 2021<br><br>23 & 02 June 2021<br><br>29 May 2021 | | **2 more children drown in brick kiln pit** Two more children were found dead in a brick kiln pit, with such rainwater-filled unattended pits turning into death traps for little kids. This is the fourth such incident in 2 months, leaving 13 children dead. In the latest incident, two girls - aged five and six years - out to attend nature's call, fell into the deep pit and drowned. It occurred at Tharriya village in Shahjahanpur's Mirzapur area.<br><br>Earlier, on August 5, three children, all from the same family, drowned in a deep pit near a brick kiln in Sambhal district. On June 23, two boys, 11 and 13, drowned in a similar brick kiln pit in Roorkee. Three more children were found dead in such a pit in Baghpat on May 29. While three kids, aged between seven and 11, fell and died in a large pit dug for illegal sand mining near river Sot in Budaun district on June 2. https://timesofindia.indiatimes.com/city/bareilly/2-more-children-drown-in-brick-kiln-pit-which-are-turning-into-death-traps-for-kids/articleshow/85282728.cms (13 Aug. 2021)<br><br>Three children from the same family drowned in a deep pit created due to excavation of soil for a brick kiln in Sambhal district. At least five children have lost their lives in the last two months in nearby Baghpat and Roorkee to similar pits, illegally dug and now full of rainwater. https://timesofindia.indiatimes.com/city/bareilly/3-kids-drown-in-pit-dug-left-open-by-brick-kiln-owner-in-ups-sambhal-2nd-such-incident-in-2-months/articleshow/85111215.cms (07 Aug. 2021) | 13 kids died in brick kiln pits in 2 months including 3 kids in illegal sand mining pit. |
| Barabanki | 07 Oct. 2021 | | **15 killed as sand truck rammed into bus** At least 15 people killed, 32 injured of which 11 critical after a sand laden truck plying in wrong direction rammed into a double decker bus | Sand truck ran into bus killing 15 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | near Baburi village on Kishan Path outer ring road in Barabanki around 04:30 am on Oct. 7. https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/barabanki/major-road-accident-in-kisan-path-barabanki-between-truck-and-bus-many-died (07 Oct. 2021)<br><br>The private bus carrying 55 passengers onboard was on its way to Bahraich from Delhi. The deceased included nine men, two women, three children who have been identified while the identity of one man could not be ascertained. Barabanki police said that prima facie it seems that the truck came from the wrong side and tried to save a stray cow, lost control and rammed into the bus. https://timesofindia.indiatimes.com/city/lucknow/nine-killed-27-injured-in-head-on-collision-between-double-decker-bus-and-truck-in-ups-barabanki-district/articleshow/86829623.cms; https://www.indiatvnews.com/news/india/barabanki-road-accident-bus-collides-truck-death-toll-latest-updates-738994 (07 Oct. 2021) | and injuring 32 passengers. |
| Chitrakoot | 02 Nov. 2021 | | ***Some reports describing impact of stone mining on environment including mining accidents killing workers*** चित्रकूट जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र के गोंडा गांव स्थित ग्रेनाइट खदान में ब्लास्टिंग के लिए बोर कर लौट रही बोरिंग मशीन के 11 हजार हाई हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो मजदूरों की जल कर मौत हो गई। जबकि मशीन का ड्राइवर जुलस गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र के गोड़ा गांव के समीप स्थित पंकज महेश्वरी की ग्रेनाइट खदान में सोमवार की दोपहर मध्य प्रदेश के सतना जिले के मझगंवा की शर्मा बोरिंग कम्पनी की मशीन बोर करने गई थी।शाम को काम खत्म करके वापस आते समय गोडा -भरतकूप मार्ग में महेश यादव के घर के पास बोरिंग मशीन 11 हजार हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गई। जिससे बोरिंग मशीन में आग लग गई और मशीन में बैठे संजय और रामकुशल निवासी कटनी (मध्य प्रदेश ) दो कर्मचारी बुरी तरह जल कर झुलस गए। https://saffronfactor.com/news/uttarpradesh/in-chitrakoot-2-laborers-were-burnt-to-death-due-to-the-high-tension-line-of-the-boring-machine-54531 (02 Nov. 2021)<br><br>Driver died after pokland machine engaged in mining work in Gonda hilla of Bharatkup turtle turned. https://www.sandhyakarmabhoomi.com/?p=27723 (15 May 2021)<br><br>चित्रकूट जिले में भरतकूप थानाक्षेत्र के गोंडा पहाड़ पर पत्थर तोड़ रहे मजदूर की गिरने से मौत हो गई। कई अन्य मजदूर मामूली रूप से चुटहिल हो गए। मौके पर मौजूद मजदूरों के बीच कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने पहाड़ पर मजदूरों की सुरक्षा के उपाय न होने का आरोप लगाकर पट्टाधारक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की | Some info on death of at least 9 stone mine workers in Bharatkup since 2017 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | मांग की। पट्टाधारक से मुआवजा दिलाने को लेकर मजदूरों ने हंगामा भी किया। https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/kanpur/worker-death-in-chitrakoot (05 Jan. 2021)<br><br>Mining worker killed in Gonga hills Bharatkup. https://public.app/video/sp_kocqu4l80vvvq (14 Oct. 2019)<br><br>भरतकूप चौकी क्षेत्र के गोंडा पहाड़ में संचालित पत्थर खदान में◌ं ब्लास्टिंग के दौरान भारी-भरकम बोल्डर गिरने से एक मजदूर की मौके पर ही कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि कई लोगों को मामूली चोटें आई। जिनको झोलाछाप के यहां इलाज कराकर घर भेजवा दिया गया। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।<br><br>भरतकूप इलाके के पहाड़ों में करीब तीन दर्जन से अधिक पत्थर खदानें संचालित है। जिनमें काम करने वाले मजदूरों को हर समय मौत का खतरा बना रहता है। इन मजदूरों की जान को बचाने के लिए किसी भी मानक को पूरा नहीं किया जा रहा है। यही वजह है कि अक्सर यहां पर मजदूरों की मौतें हो रही है। जिनमें ज्यादातर मामलों को प्रशासन व खदान मालिक मिलकर पीड़ित परिवार को कुछ आर्थिक सहायता देकर रफा-दफा कर देते है। अभी एक माह पहले ही खदान में पत्थर गिरने से ही एक मजदूर की जान गई थी। जिसे बाद में ट्रैक्टर से कुचलकर मौत होने की बात कहकर मामले को निपटा दिया गया था। https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/chitrakoot/story-drop-boulder-worker-s-death-during-blasting-in-stone-mines-2491921.html (16 April 2019)<br><br>चित्रकूट के भरतकूप में पत्थर की खदान धसकने से दो मजदूरों की मौत हो गयी और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद भड़के गांववालों ने हाइवे जाम कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने खदान मालिक के खिलाफ सुरक्षा मानक पूरे न करने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया साथ ही मुआवजे का भरोसा दिलाते हुए जाम खुलवा लिया। https://www.amarujala.com/video/india-news/two-laborers-die-in-chitrakoot-stone-mine (18 May 2017)<br><br>भरतकूप से लौटते वक्त ट्रक की टक्कर से बीती रात युवक की मौत हो गई। घटना भरतकूप पुलिस चौकी अंतर्गत भरथौल गांव के पास हुई https://www.patrika.com/chitrakoot-news/man-died-in-road-accident-in-chitrakoot-1344154/ | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Hardoi | 08 Nov. 2021 | | [बालू खनन को जा रही ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, दो मजदूरों की मौत]() शाहपुर शुक्ला व कालाबोझ के पास सोमवार की भोर अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली पलट गई, जिसमें उस पर सवार दो मजदूरों की मौत हो गई। ग्राम कुल्लही के मान सिंह उर्फ मनसुख और गांव के ही शत्रुघ्न मजदूरी करते थे। उनके स्वजन ने बताया कि शाम को गांव के ही असीत और उनका पुत्र शमशुल उनके घर आए थे और बालू खनन के लिए चलने के लिए कहा था। सोमवार (08 Nov. 2021) सुबह लगभग तीन बजे शाहपुर शुक्ला की ओर मानसिंह और शत्रुघ्न ट्रैक्टर-ट्राली लेकर जा रहे थे। शाहपुर व कालाबोझ के निकट ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई, जिसमें दोनों दब गए। जेसीबी से ट्रैक्टर-ट्राली को हटाकर दोनों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो गई।<br><br>मृतकों के स्वजन का आरोप है कि अवैध खनन कराने वालों के कारण ही दोनों की मौत हुई। वहीं कोतवाल दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि बालू खनन की बात गलत है। खनन के लिए मजदूरों को 250 रुपये रोजाना दिए जाते हैं। खनन के लिए जाते समय हादसा हो गया और दो मजदूरों की मौत हो गई। कुल्लही के मानसिंह उर्फ मनसुख के परिवार में पत्नी अन्नपूर्ण, बेटा ऋतिक और बेटी पूर्वी है। वहीं शत्रुघ्न अविवाहित था और उसके परिवार में मां गुड्डी देवी व दो बड़े भाई हैं। प्रदीप ने बताया कि पांच वर्ष पहले पिता रघुनाथ की उचवल के निकट ट्रैक्टर-ट्राली में दबने से मौत हो गई थी। https://www.jagran.com/uttar-pradesh/hardoi-death-in-accident-22189281.html (08 Nov. 2021) | 2 sand miners killed when tractor toppled over them. |
| Noida | 22 Nov. 2021 | | [रेत से लदे ट्रक ने बाइकसवार दो युवकों को कुचला]() जेवर खुर्जा मार्ग पर सोमवार (22 Nov. 2021) शाम तेज रफ्तार रेत से लदे ट्रक ने बाइक सवार मामा-भांजे को कुचल दिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद लोगों में ट्रक को कब्जे में लेकर आग लगाने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराते हुए वाहन को कब्जे में ले लिया। हादसे के वक्त दोनों ने हेलमेट लगा रखा था। पुलिस के मुताबिक बुलंदशहर के काठवाड़ा सिकंदराबाद निवासी योगेश (24) और अलीगढ़ निवासी किरण पाल (30) बाइक से जा रहे थे। सोमवार शाम को जेवर खुर्जा मार्ग पर नीमका गांव के समीप जेवर की तरफ से आ रहे रेत से लदे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। https://www.amarujala.com/delhi-ncr/noida/a-truck-laden-with-sand-crushed-two-bike-borne-youths-noida-news-noi6173001175 (23 Nov. 2021) | 2 mowed down by sand truck. |
| Banda | 29 Nov. 2021 | Ken | | Officials harassing illegal sand |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | **अवैध खनन का विरोध करने पर शांति भंग का नोटिस** बालू ठेकेदारों की दबंगई और अवैध खनन के विरोध में विधानसभा के सामने आत्मदाह का प्रयास और पिछले हफ्ते महोबा में प्रधानमंत्री की जनसभा में विरोध प्रदर्शन करने वाली दो महिलाओं सहित चार लोगों से प्रशासन को शांतिभंग का खतरा प्रतीत हो रहा है। उन पर धारा 111 सीआरपीसी की कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। एक वर्ष तक शांति व्यवस्था बनाए रखने की शर्त पर एक लाख रुपये का व्यक्तिगत बंध पत्र (बांड) और इतनी ही रकम की दो जमानतें दाखिल करने को कहा गया है। https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/banda/notice-of-breach-of-peace-for-opposing-illegal-mining-banda-news-knp666613596 (29 Nov. 2021)<br><br>पैलानी रहवासी सामाजिक कार्यकर्ता ऊषा निषाद लगातार 12 साल से मौरम व बालू ठेकेदारों के खिलाफ़ लड़ रही है। https://www.youtube.com/watch?v=2sq8QMNc1ho | mining affected women who tried to commit sucide and also raised the issue during PM visit. |
| Banda | 29 Nov. 2021<br><br>12 Jan. 2022 | Ken | **पत्रकार ने अवैध खनन की रिपोर्टिंग करने पर प्रशासन पर लगाया प्रताडित, फोन टैपिंग का आरोप** बांदा जिले में एक स्थानीय पत्रकार ने प्रशासन पर उन्हें और उनके साथियों को उत्पीड़न और टॉर्चर करने का आरोप लगाया है. आरोप है कि इलाके में पैलानी क्षेत्र की अमलोर मौरम खदान से नियमों का उल्लंघन कर बालू निकाला जा रहा है, जिसके चलते नदी और पर्यावरण को नुकसान हो रहा है. केन नदी में हो रही इस अवैध खनन की वे पिछले कुछ समय से रिपोर्टिंग कर रहे हैं. इस खदान के संचालक गाजियाबाद निवासी विपुल त्यागी बताए जा रहे हैं. आशीष सागर बांदा जिले में 'वॉयस ऑफ बुंदेलखंड' नाम से अपना एक चैनल चलाते हैं. वे 'द प्रेस ट्रस्ट ऑफ बुंदेलखंड' के संस्थापक हैं. पिछले दिनों आशीष अपने ट्वीट और फेसबुक पोस्ट के जरिए लिखा था कि 16 नवंबर की रात पुलिसवाले उनके घर रात में सवा 10 बजे पहुंच गए और गेट खुलवाने का दबाव बनाने लगे. https://hindi.asiaville.in/article/journalist-in-up-harassed-the-administration-for-reporting-illegal-mining-and-accused-of-phone-tapping-73357 (29 Nov. 2021)<br><br>RTI activist and local reporter Ashish Sagar Dixit continues to face oppression by administration for raising illegal mining issues in Ken river, Banda. The police officials have wrongly declared him history sheeter few days back and now planning to book him under NSA. Ashish has won Anupam Jal Mitra Award, Jagran RTI award for his work and was among 12 person selected as whistle blower by India Today. https://janjwar.com/national/uttar-pradesh/white-collar-mafia-ke-khilaf-awaj-uthane-ki-keemat-khud-nsa-ki-dehleej-par-khada-hokar-chuka-raha-hai-ek-whistle-blower-ashish-sagar-top-latest-hindi-news-in-banda-uttar-pradesh-797261 (12 Jan. 2022) https://www.bhadas4media.com/patrkar-ashish-sagar-ka-utpidan/ (10 Jan. 2022) Ashish has faced threat to his life in June 2021. https://hindi.newslaundry.com/2021/06/18/mining-mafia-threatened-journalist-reporting- | Local reporter, activist Ashish Sagar Dixit continue to face repression by district administra-tion |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | madhya-pradesh (18 June 2021) माफ़िया के ख़िलाफ़ ख़बर की तो पत्रकार पर चढ़ा 'बुलडोज़र' https://www.youtube.com/watch?v=kI1FUtNjwAE (24 Jan. 2022) | |
| Sonbhadra | 11 Jan. 2022 | | **बालू साइट के पास पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत** सोनभद्रः जिले के जुगैल थाना क्षेत्र में अगोरी बालू साईड पर मलबा ढो रही ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर पलट गया. इस दुर्घटना में चालक ट्रैक्टर के नीचे ही दब गया. घटना के बाद आसपास काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया. कड़ी मशक्कत के बाद उसे ट्रैक्टर के नीचे से निकाल कर ग्रामीणों ने चोंपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृत विजय यादव माता-पिता का था इकलौता संतान. https://www.etvbharat.com/hindi/uttar-pradesh/state/farrukhabad/road-accident-in-sonbhadra/up20220111125651069 (11 Jan. 2022) | Tractor driver engaged in sand mining killed at mining site. |
| Banda | | Ken | **पीड़ित किसान ने लिया रक्षामंत्री के बेटे का नाम** बाँदा क्षेत्र पैलानी में संचालित अमलोर मौरम खदान खंड 8 से दो दर्जन किसान प्रभावित है। किसानों की केन नदी तरी से लगी निजीभूमि में फसलें खड़ी है। इस जमीन में बालू है तो ठेकेदार इसको भी अवैध खनन से हासिल करना चाहते है। किसानों की बिना सहमति और खदान क़ा बगैर सीमांकन किये उनकी निजीभूमि से खनन या परिवहन निकासी पर डीएम अनुराग पटेल स्वयं रोक लगाएं है। सरकार भी यही चाहती है कि गांवदारी में खनन के विवाद न हो। बावजूद इसके यह होता है।<br><br>पैलानी एसडीएम नवनियुक्त है तो उन्हें तहसीलदार ही इस मामले में गाइडलाइंस बतलाते है। किसानों के हित को नैपथ्य (पर्दे के पीछे ) में रखकर तहसीलदार खदान संचालकों के साथ खड़े नजर आते है। गांव के किसान चुन्नू सिंह अमलोर खंड 8 में मोंटी अग्रवाल के बतलाये मुताबिक देश के रक्षामंत्री के बेटे व विधायक का लिंक इस खदान पर आशीर्वाद के रूप में है यह बतलाते दिखते है। उन्होंने बेबाक होकर इस बात को वीडियो बयान में रखा है। अब सच्चाई तो सरकार और ठेकेदार ही जानें लेकिन किसान पीड़ित है और वे मुख्यमंत्री से न्याय की उम्मीद रखतें है, उन्हें बाँदा प्रशासन पर भरोसा नहीं है। https://www.youtube.com/watch?v=7T-qCqY-lO8 | Mining affected farmer allege involvement of Union Defence Minister son in illegal mining. |
| | 09 Feb. 2022 | | पत्रकारों पर हमले के विरुद्ध समिति (CAAJ) ने विधानसभा चुनाव के लिए पहले मतदान की पूर्व संध्या पर बुधवार (Feb. 09) को चौंकाने वाले आंकड़े जारी किये हैं। अपनी रिपोर्ट "मीडिया की घेराबंदी" में समिति ने उद्घाटन किया है कि प्रदेश में पिछले पांच साल में पत्रकारों पर हमले के कुल 138 मामले दर्ज किये गये जिनमें पचहत्तर फीसद से ज्यादा मामले 2020 और 2021 के दौरान कोरोनाकाल में हुए। समिति के मुताबिक 2017 से लेकर | Report revealed 12 reporters murdered and 138 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | जनवरी 2022 के बीच उत्तर प्रदेश में कुल 12 पत्रकारों की हत्या हुई है। ये मामले वास्तविक संख्या से काफी कम हो सकते हैं। इनमें भी जो मामले ज़मीनी स्तर पर जांच जा सके हैं उन्हीं का विवरण रिपोर्ट में दर्ज है। जिनके विवरण दर्ज नहीं हैं उनको रिपोर्ट में जोड़े जाने का आधार मीडिया और सोशल मीडिया में आयी सूचनाएं हैं। https://www.gaonsavera.com/attacks-on-journalists-in-uttar-pradesh/ (11 Feb. 2022) | incidents of attack between 2017-2022. |
| Mainpuri | 18 Feb. 2022 | | **बालू लदा ट्रक कार पर पलटा, पति-पत्नी की मौत** मैनपुरी में शुक्रवार (Feb. 18) को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दंपति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मैनपुरी-इटावा मार्ग पर किरतपुर पुलिस चौकी के सामने बालू से भरा ट्रक कार पर पलट गया जिससे कार सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। इसके अलावा ट्रक ड्राइव और कंडेक्टर घायल हो गए। हादसा इतना दर्दनाक था कि कटर से कार को काटकर दोनों शवों को निकाला गया। मृतकों की शिनाख्त करन कुमार बघेल निवासी नई बस्ती आगरा रोड और उनकी पत्नी मिथिलेश के रूप में हुई है। दोनों की शादी बीते वर्ष 28 नवंबर को हुई है। शुक्रवार को एक शादी समारोह में शामिल होकर लखनऊ से जा रहे थे। https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/story-mainpuri-sand-loaded-truck-overturns-on-car-husband-wife-died-5845262.html (18 Feb. 2022) https://indiaaheadnews.com/india/2-dead-after-sand-laden-truck-overturns-on-their-car-in-ups-mainpuri-109467/ | Sand truck toppled over car killing a couple. |
| Kanpur | 01 March 2022 | | **1 dead, 6 injured road accident** The tragedy happened on March 1 evening when a truck loaded with sand which was heading towards Lucknow from Kanpur rammed into an e-rickshaw. The speeding truck trampled the passers-by on the highway. An initial probe has revealed that the steering failure could be the reason behind the accident. The truck collided with an e-rickshaw, loaded with passengers, injuring six people and killing one. https://www.indiatoday.in/india/story/one-dead-six-injured-in-kanpur-road-accident-third-such-incident-this-year-1919465-2022-03-01 (01 March 2022) | 1 killed, 6 injured after sand truck rammed into e-rickshaw. |
| Mathura | 03 March 2022 | | मथुरा जिले के नौहझील क्षेत्र में रेत माफिया द्वारा दरोगा पर बालू से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाए जाने का मामला सामने आया है. इस घटना में दरोगा ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई. नौहझील थाना प्रभारी प्रदीप कुमार यादव ने बताया की गुरुवार (March 03) सुबह जब हसनपुर चौकी प्रभारी सोनू भाटी हसनपुर-मीरपुर मार्ग पर वाहनों की जांच कर रहे थे, तभी उन्हें मीरपुर की ओर से पालखेड़ा गांव निवासी गजेंद्र उर्फ गज्जू ट्रैक्टर-ट्रॉली में बालू भरकर लाता दिखा. दरोगा ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने रुकने की बजाय ट्रैक्टर-ट्रॉली का रुख दरोगा की | Sand mafia tried to mow down police official. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | ओर मोड़ दिया. इस दौरान चौकी प्रभारी सोनू भाटी ने खुद को बहुत ही मुश्किल से ट्रैक्टर की चपेट में आने से बचाया, हालांकि इस घटना में वह घायल हो गए. पुलिस ने इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया है. https://www.tv9hindi.com/state/uttar-pradesh/mathura-three-arrested-attack-on-police-personal-during-vehicle-checking-by-send-mafia-1093072.html (04 March 2022) | |
| Mainpuri | 13 March 2022 | | घिरोर कस्बा के जैन कोल्ड स्टोरेज के समीप बालू से भरा ट्रक पलट गया। ट्रक बिजली के तीन पोलों को तोड़ता हुए नीचे जा गिरा। पोलों पर बिजली प्रवाहित हो रही थी। बिजली तारों से चिंगारी निकली और फॉल्ट हो गया। जिसके बाद बिजली चली गई। जहा फॉल्ट हुआ वहां एक क्लीनिक था। जिसके सामने चिकित्सक की कार व कुछ लोग खड़े थे। बिजली बंद होने से हादसा होते-होते बचा। https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/mainpuri/story-truck-full-of-sand-overturned-accident-avoided-6020777.html (13 March 2022) | |
| Kalpi | 14 March 2022 | | **कदौरा में बालू लदे ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा** सोमवार (March 14) देर रात कदौरा के चतेला रोड पर बालू लदे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से बाइक गिर गयी, बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए। अनियंत्रित ट्रक ने भोगनीपुर कानपुर देहात के निवासी दोनों युवकों को रौंद दिया। दुर्घटना में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी कदौरा ले जाया गया, हालत गम्भीर होने पर घायलों को तत्काल जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हाइवे से थाना रोड में मुड़ते समय यह हादसा हुआ व दुर्घटना में बाइक ट्रक के आगे फंस गयी। ट्रक फंसी हुई बाइक को काफी दूरी तक घसीटता हुआ ले गया।<br><br>कदौरा स्थित बालू घाटों से मौरंग लाने व बालू भरने के लिए जाने वाले ट्रक हाइवे पर फर्राटा भरते हैं। प्रतिदिन अधिक चक्कर लगाने की कोशिश में इन ट्रकों की रफ्तार बेकाबू रहती है। जिस कारण ट्रक के सामने कोई भी व्यक्ति आ जाने पर ट्रक चालक अचानक ब्रेक नहीं ले पाते जिसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। बालू वाले ट्रको की चपेट में आकर दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं व कई लोगों की मौतें हो चुकी हैं। https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/jalaun/kalpi/news/accident-on-late-monday-night-on-kalpis-chetela-road-condition-of-both-the-injured-is-critical-referred-to-district-hospital-129513877.html (15 March 2022) | Sand truck rammed into bike injuring 2 people |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
